आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त


नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-296 ● कटनी ● शुक्रवार, 3 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


आज भोपाल गैस कांड की बरसी

फटाफट खबरें

## मप्र में पंचायत चुनाव जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण 14 को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रदेश की 52 जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण 14 दिसंबर को होगा। इस संबंध में पंचायत राज संचालनालय ने कलेक्टरों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछ?ा वर्ग और सभी वर्गों में महिलाओं के लिए आरक्षण लॉटरी निकाल कर होगा।

**रिजर्व सीट का फैसला लॉटरी से**

आरक्षण की संपूर्ण कार्यवाही जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) कलियासोत डेम के पास भोपाल में शुरू होगी। पंचायत विभाग ने सभी कलेक्टरों से कहा है कि आरक्षण की कार्यवाही की सूचना जिला और पंचायत कार्यालयों में चस्पा करें। बता दें कि शिवराज सरकार ने कमलनाथ सरकार का एक और फैसला पलट दिया है। पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच सरकार ने ऐसी पंचायतों के परिसीमन को निरस्त कर दिया था, जहां बीते एक साल से चुनाव नहीं हुए हैं। ऐसी सभी जिला, जनपद या ग्राम पंचायतों में पुरानी व्यवस्था ही लागू रहेगी। जो पद, जिस वर्ग के लिए आरक्षित है, वही रहेगा। इसके लिए सरकार ने मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) अध्यादेश-2021 लागू कर दिया है। इसकी अधिसूचना भी जारी की गई थी।

## ट्विटर पर मिनटों में गायब लाखों फॉलोअर्स

**नई दिल्ली।** माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर गुरुवार को अचानक बहुत सारे यूजर्स के फॉलोअर्स की संख्या घट गई। इनमें आम यूजर्स के साथ ही कई बड़े सेलेब्रिटी और नेता भी शामिल रहे। कंपनी की तरफ से इसे लेकर ना तो कोई नई पॉलिसी घोषित की गई और ना ही यूजर्स की तरफ से ट्वीट्स के जरिए शिकायत करने के बावजूद फॉलोअर्स घटने का कारण ही बताया।इसके चलते यूजर्स के बीच ट्विटर पर ही इसे लेकर डिबेट शुरू हो गई। यूजर्स ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि पराग अग्रवाल के ट्विटर का नया ष्टश्वह्र बनने के बाद जान-बूझकर फॉलोअर्स की संख्या कम की जा रही है। विपक्षी दलों से जुड़े कई नेताओं और उनके समर्थकों ने इसे पराग अग्रवाल और भाजपा के बीच की मिलीभगत बताया।

## बारामूला में लश्कर के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पलहालन में हथगोला हमले में शामिल 3 आतंकी मददगारों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने पट्टन इलाके के वुस्सान में एक वाहन जांच नाके के दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ा था। उनकी पहचान आसिफ अहमद रेसी, मेहराजुद्दीन डार और फैसल हबीब लोन के तौर पर की गयी। ये सभी बांदीपोरा जिले के गुंड जहांगीर के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'जांच और तकनीक के सहारे जुटायी गई जानकारी से पता चला कि गिरफ्तार लोग लश्कर के लिए काम करते थे और ये लोग 17 नवंबर 2021 को पलहालन में हथगोला हमले में शामिल थे।'

# आंध्र लौटे 60 में से 30 विदेशी यात्री लापता

**नई दिल्ली।** भारत में धीरे धीरे कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस बीच आंध्र प्रदेश से एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, पिछले 10 दिनों में यहां विदेशों से लगभग 60 यात्री पहुंचे हैं, इनमें से नौ अफ्रीका से आए हैं। 60 में से 30 यात्री विशाखापट्टनम में रुके हुए हैं, जबकि बाकी 30 राज्य के अलग-अलग जगहों के लिए रवाना हो चुके हैं।आंध्र प्रदेश सरकार इन 30 लोगों को ढूंढ रही है। इनमें से कइयों ने तो फोन उठाना भी बंद कर दिया है। इसके कारण अधिकारियों को इनके लापता होने का डर लग रहा है। ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे को देखते हुए सरकार को इन लोगों का आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना है। बता दें कि ओमिक्रॉन वैरिएंट की पहचान सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुई थी। दक्षिण अफ्रीका में एक दिन में 11,500 नए केस दर्ज हुए हैं। यह एक दिन पहले के 8500 केस से भी ज्यादा है। यह चौंकाने वाला आंकड़े इसलिए भी हैं, क्योंकि नवंबर के मध्य तक इस देश में कोरोना के 200 से 300 केस प्रतिदिन आ रहे थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन का



कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन अब तक कम से कम 24 देशों में फैल चुका है। उधर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई आज ओमिक्रॉन वैरिएंट के केस पर आपात बैठक करेंगे। बता दें कि यहां ओमिक्रॉन वैरिएंट के दो मामले सामने आए हैं। उन्होने कहा है कि मैंने लैब से पूरा विवरण मांगा है। हम इन लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर रहे हैं। आज दोपहर 1 बजे मेरी स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ एक बैठक है। मेरी इस बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भी बात हुई है।

### कर्नाटक में कैसे फैला संक्रमण

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर ने बताया कि ओमिक्रॉन से संक्रमित पाए गए 66 साल के बुजुर्ग ने साउथ अफ्रीका का दौरा किया था। जबकि 46 साल के दूसरे मरीज ने ऐसी कोई यात्रा नहीं की थी और वो एक स्वास्थ्यकर्मी हैय् दोनों मरीजों ने सिर्फ बुखार की शिकायत की थी। सबसे अहम बात यह है कि दोनों संक्रमित मरीज वैक्सीन ले चुके हैं। एक मरीज संक्रमित मरीज वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुका है जबकि दूसरे मरीज ने पहली डोज ली है। कर्नाटक के विशेषज्ञों के मुताबिकए राज्य में ओमिक्रॉन के और अधिक मामले हो सकते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स की मानें तो उनका कहना है कि सभी मामलों में कोई प्रमुख लक्षण नहीं थे।

### माइल्ड लक्षण ही रहते

वैज्ञानिकों की मानें तो इस वैरिएंट में माइल्ड लक्षण ही रहते हैं। उनमें सिरदर्द, बदन दर्द और थकावट के लक्षण होते हैं। जोकि करीब 50 हैं। इनमें 30 म्यूटेशन स्पाइक प्रोटीन मिले हैं।

## त्रासदी का दंश भोग रहे लोग आज करेंगे प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** शहर में वर्ष 1984 में हुई भीषण गैस त्रासदी को आज 37 वर्ष पूरे हो गए। इस अवसर पर राजधानी भोपाल में आज जगह-जगह भोपाल गैस कांड के लिए जिम्मेदार विदेशी डाव कंपनी और उसे सहयोग करने वाली सरकारों का विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन का यह सिलसिला दोपहर 12 बजे से शुरू होगा, जो शाम तक चलेगा। इसमें आम नागरिक और गैस पीड़ित संगठन हिस्सा लेंगे। इन विरोध प्रदर्शनों, सभाओं और गोष्ठियों में मुख्य रूप से गैस का प्रभाव झेल चुके परिवारों के परिजन भी मौजूद रहेंगे। गैस पीड़ित संगठन से जुड़ी रचना ढींगरा, राशीदा बी, नौशीन खान, नवाज खान, साधना प्रधान, बालकृष्ण नामदेव ने बताया कि 37 साल बाद भी गैस पीड़ितों को उनका हक नहीं मिल पाया है। बता दें कि हर साल 3 दिसंबर के गैस कांड की बरसी होती है। दुनिया की भीषणतम त्रासदी में शामिल भोपाल गैस कांड 2 व 3 दिसंबर 1984 की दरमियानी रात को भोपाल के जेपी नगर कारखाने में हुआ था। इसमें लाखों लोग प्रभावित हुए थे और हजारों लोगों की मौत हो गई थी। इस प्रभाव का असर तीसरी पीढ़ी तक देखने को मिल रहा है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना, 5 अन्य घायल

# मप्र पुलिस के चार सिपाहियों की हादसे में दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** मथुरा जनपद में यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को दर्दनाक हादसा घटित हो गया। इस हादसे में मध्य प्रदेश के चार पुलिसकर्मियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 80 (सुरीर) पर पुलिया से टकराकर बेकाबू हुई बोलेरो दो हिस्सों में बंट गई।



हो गए। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के थाना भूडेरा की पुलिस टीम अगवा की गई युवती को बरामद करने के किए हरियाणा के बहादुरगढ़ दबिश में जा रही थी। सूचना पर पहुंची सुरीर पुलिस ने शव कब्जे में लिए और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे हुए सड़क हादसे से एक्सप्रेसवे की एक लाइन बंद हो गई। हादसा आगरा से नोएडा जाते हुए मार्ग पर हुआ।

### दबिश में जा रही थी पुलिस

इसमें सवार मुख्य आरक्षी भवानी प्रसाद, महिला आरक्षी हीरा देवी, चालक जगदीश, पुलिस मित्र रवि कुमार की मौत हो गई, जबकि आरक्षी कमलेंद्र यादव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मुख्य आरक्षी रतिराम, धर्मेंद्र कुमार और प्रीति घायल

### हादसे के बाद लग गई वाहनों की कतार

हादसे के बाद यमुना एक्सप्रेसवे की एक लाइन वाहनों की कतार से जाम हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बोलेरो को हटाया और रास्ते को सुचारू कराया। यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा देखकर सभी लोग सन्न रह गए।

## इओडब्ल्यू का एमपी एग्रो के जिला प्रबंधक के घर व आफिस पर छापा



**इंदौर ।** एमपी एग्रो के जिला प्रबंधक धार के रमेशचंद्र रूपरिया पर आय से अधिक संपत्ति होने पर उनके घर और आफिस पर ईओडब्ल्यू इंदौर की छह टीमों ने छापामार कार्यवाही की। इंदौर टीम ने उनके त्रिमूर्ति नगर धार स्थित मकान और धार में एमपी एग्रो के आफिस के साथ ही इंदौर में आलोक नगर कनाड़िया स्थित मकान पर एक साथ छापा मारा। इसके अलावा शाजापुर मोहन बड़ोंदिया के स्थित घर और केयर हॉस्पिटल पर भी छापा मारा। उसके भोपाल चुनाभट्टी चिनार वुडलेंड कोलार रोड पर भी कार्यवाही की गई। इओडब्ल्यू को इनके पास से 2.5 करोड़ से ज्यादा की आय से अधिक सम्पत्ति की जानकारी प्राप्त हुई थी। टीम शुक्रवार तड़के पांच बजे मोहन बड़ोदिया पहुंची और कार्यवाही शुरू की। टीम का नेतृत्व ईओडब्ल्यू निरीक्षक कैलाश पाटीदार और विनोद सोनी कर रहे हैं। निरीक्षक कैलाश पाटीदार ने बताया कि दो टीम कार्रवाई कर रही हैं, जिनमें एक टीम निरीक्षक विनोद सोनी के नेतृत्व में पाटीदार के घर पर संपत्ति का आकलन कर रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले भी गोपनीय रूप से जो इओडब्लू की टीम पाटीदार के मोहन बड़ोदिया स्थित निवास पर पहुंची थी। उस समय टीम गोपनीय रूप से जांच करके लौट गई थी। सूचना पुख्ता होने के बाद शुक्रवार तड़के कार्यवाही की गई है।

## मध्यप्रदेश में होगा योग आयोग का गठन

### पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में बोले, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**हरिद्वार ।** पतंजलि योगपीठ में वैश्विक चुनौतियों का सनातन समाधान-एकात्म बोध विषय पर गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 75 करोड़ सूर्य नमस्कार संकल्प कार्यक्रम की वेबसाइट का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि योग की शिक्षा के लिए मध्य प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने मध्य प्रदेश में योग आयोग का गठन करने की भी बात कही। यह कार्य श्रेष्ठ संत और संन्यासियों के दिशा-निर्देशन में होगा। विश्वास है कि इससे मध्य प्रदेश भी बदलेगा और पूरा देश भी बदलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली और गौरवशाली संपन्न भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं



महसूस करते हैं कि योग की शिक्षा व्यक्ति के मन, बुद्धि और आत्मा का विकास करेगी। कहा कि योगगुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण महाराज ने योग, आयुर्वेद, भारतीय संस्कृति और वैदिक शिक्षा को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए अद्भुत कार्य किया है। स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के नवनिर्माण के लिए योग और उद्योग के माध्यम से पतंजलि लाखों किसानों और युवाओं को रोजगार दे रहा है। योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि आज आजादी के अमृत महोत्सव में 75 करोड़ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। योग शिक्षा को आंशिक रूप से लागू करने के लिए टुकड़ों में प्रयास हो रहे थे, लेकिन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने योग को व्यापक रूप से शिक्षा का अंग बनाने के लिए बहुत बड़ी कार्ययोजना की प्रतिबद्धता यहां से अभिव्यक्त की है।

## पाकिस्तान से आ रही हवाओं के कारण फैला प्रदूषण सीजेआई बोले- तो क्या वहां के उद्योगों को बंद कर दें

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में खतरनाक वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई है। उधर इस मामले में यूपी सरकार ने कहा कि पाकिस्तान से आ रही हवाओं से प्रदूषण फैल रहा जिस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या वहां के उद्योग बंद कर दें? आज फिर इस मामले पर सुनवाई होगी। वहीं, सुनवाई से पहले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शीर्ष कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि उन्होंने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के अपने निर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए एक इंफोर्समेंट टास्क फोर्स का गठन किया है।



17 सदस्यीय फ्लाइंग टास्क फोर्स बनाई गई हैं। यह टास्क फोर्स हर शाम 6 बजे रिपोर्ट लेगी। केंद्र सरकार की इस पहल पर सुप्रीम कोर्ट ने संतोष जताया है। वहीं, दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर शहर के अस्पतालों में निर्माण कार्यों की अनुमति मांगी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में दिल्ली सरकार ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए कुछ पुराने अस्पतालों में बुनियादी ढांचे तैयार करना शुरू कर दिया था। इसके अलावा सात नए अस्पतालों का भी निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन प्रदूषण बढ़ने के कारण निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई थी।

## रतलाम का जवान लोकेश मणिपुर में शहीद

**रतलाम/कालूखेड़ा।** आर्मी की इंफाल यूनिट में पदस्थ जिले के जावरा विकासखंड के ग्राम मावता निवासी सैनिक लोकेश कुमावत इंफाल में शहीद हो गए। स्वजनों को सैन्य अधिकारियों से संक्षिप्त सूचना में बताया गया कि लोकेश अब नहीं रहे। इसके बाद गांव में माहौल गमगीन हो गया। सूचना मिलने पर पिपलौदा जनपद के उपाध्यक्ष श्यामसिंह, कालूखेड़ा थाना प्रभारी बीएल भाभर सहित अन्य अधिकारी गुरुवार शाम मावता पहुंचे। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने अंतिमयात्रा के मार्ग की



तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जनपद उपाध्यक्ष श्यामसिंह व ग्रामीणों ने बताया कि लोकेश 12वीं तक पढ़ने के बाद सेना में जाने की तैयारी में जुट गया था। उसे बचपन से सेना में जाने का जज्बा था। अंतिम संस्कार रियावन मार्ग स्थित खेल मैदान पर किया जाएगा। इसी मैदान में वह सेना में जाने की तैयारी करता था। उसके नहीं रहने की सूचना सेना यूनिट ने बुधवार सुबह छह से सात बजे के बीच उसके पिता के फोन पर दी और केवल इतना बताया था कि लोकेश नहीं रहा। पार्थिव शरीर मणिपुर से गुरुवार रात में इंदौर एयरपोर्ट लाया गया।



## अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ को मिली पदोन्नति

मुंबई। भारतीय अमेरिकी गीता गोपीनाथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की फर्स्ट डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्ट होंगी। वह जियोफ्रे ओकामोटो की जगह लेंगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से गुरुवार को बताया गया कि ओकामोटा जल्द ही अपना पद छोड़ देंगे, जिसके बाद गीता गोपीनाथ उनकी जगह कामकाज संभालेंगी।

## महिला पटवारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल

**बड़नगर (उज्जैन)।** महिला पटवारी का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। पटवारी ने किसान से नामांतरण के बाद कृषक को डायरी देने व उसमें नाम चढ़ाने के एवज में दो हजार रुपये की मांग की थी। वीडियो में किसान पटवारी को रुपये देते हुए नजर आ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो के आधार पर

### नामांतरण के एवज में मांगे रूपये



जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर निवासी किसान मनीष पुत्र राधेश्याम अग्निहोत्री की जमीन का नामांतरण होने के बाद भी पटवारी पूजा परिहार द्वारा डायरी में नाम नहीं चढ़ाया जा रहा था। इसके अलावा उसे डायरी भी नहीं दी जा रही थी। पटवारी परिहार द्वारा किसान से डायरी देने व नाम चढ़ाने के एवज में दो हजार रुपये की मांग कर रही थी। इस पर किसान ने उसे एक हजार रुपये दिए थे।


# ग्रहण शनिश्चरी अमावस्या पर साल का आखिरी सूर्य ग्रहण कल

**नई दिल्ली।** साल 2021 का अंतिम सूर्य ग्रहण 4 दिसंबर को लगने वाला है, हालांकि भारत में यह सूर्य ग्रहण नहीं दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मान्य नहीं होगा। साथ ही 4 दिसंबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण शनिवार को लग रहा है, इसलिए इसे शनिचरी अमावस्या सूर्य ग्रहण कहा जाएगा।

### इसलिए खास है ये सूर्य ग्रहण

इस सूर्य ग्रहण में केतु के साथ सूर्य की युति बनने जा रही है। वहीं चंद्रमा और बुध की युति भी होगी। सूर्य और केतु के प्रभाव से दुर्घटना की संभावना बन सकती है। देश में राजनीतिक अस्थिरता भी आ सकती है। वृश्चिक राशि विष की राशि है इसलिए रोग और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। साथ ही आकस्मिक दुर्घटना और त्रासदियों जैसी परिस्थिति निर्मित हो सकती है।

### ये है सूर्य ग्रहण का समय



भारतीय समय के अनुसार सूर्य ग्रहण सुबह 10.59 मिनट पर शुरू होगा। यह ग्रहण दोपहर 03.07 बजे तक रहेगा। सूर्य ग्रहण का पराग्रह एक मिनट 54 सेकंड का होगा यानी करीब दो मिनट तक सूर्य का अधिकांश भाग चंद्रमा की छाया से ढंका रहेगा। साल का यह आखिरी सूर्य ग्रहण अफ्रीका महाद्वीप, दक्षिण अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में साफ तौर पर देखा जा सकेगा।

### हिंदू धार्मिक मान्यताओं में शनिचरी अमावस्या का महत्व

पौराणिक मान्यता है कि शनि के प्रभाव से पीड़ित लोगों के लिए यह शनिचरी अमावस्या बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन दान का विशेष महत्व है। ऐसा करने से पितरों को संतुष्टि मिलती है और साथ ही सभी इच्छाएं भी पूरी होती है। सूर्य ग्रहण के दौरान बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। नग्न आंखों से सूर्य ग्रहण बिल्कुल भी नहीं देखना चाहिए। बच्चे भी ग्रहण देखना चाहते हैं तो इसे माता-पिता की देखरेख में ही देखें। आमतौर पर सूर्य ग्रहण का सूतक ग्रहण शुरू होने से 8 घंटे पहले शुरू हो जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक सूतक 4 प्रकार के होते हैं, जिनमें से एक ग्रहण का सूतक भी है। ग्रहण का सूतक गंभीर परिणाम देता है। सूर्य और चंद्रमा के ग्रहण के कारण राशि परिवर्तन को छोड़कर सभी पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है, इसलिए सभी को इस समय सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए दान करना चाहिए।




# संकट मोचन हनुमान मंदिर में बनेगा कमरा एवं शेड

विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विजयराघवगढ़ में हनुमान कथा में पहुंचकर डॉ राम विलास वेदांती जी का लिया आशीर्वाद





**विजयराघवगढ़।** संकट मोचन जगन्नाथधाम में श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के सदस्य संत डॉ राम विलास वेदांती जी द्वारा कही जा रही 9 दिवसीय श्री हनुमान कथा में पहुंच कर क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने हजारों की संख्या में उपस्थित धर्मप्रेमी जनता के साथ कथा का श्रवण किया। वेदांतीजी महाराज ने आज के प्रसंग में मेघनाथ वध, रावण वध और भगवान राम के राज्याभिषेक का प्रसंग की कथा सुनाये। श्री बेदान्तीजी ने कहा कि जीवन में अगर हम भी अपने हृदय भवन में सीता सहित राम को धारण कर लें, तो जीवन सफल हो जाए। जो श्रीरामजी का कृपा पात्र बन जाता है, उस पर सारे जगत की कृपा बरसती है। उन्होंने कहा कि संसार में बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों ना हो जाए वह अच्छाई के सामने कभी नहीं टिक सकती। लंका विजय के बाद भगवान श्री राम के अयोध्या पहुंचने पर अयूध्या निवासियों द्वारा असंख्य दीप जला कर दीपावली मनाई थी तथा धूमधाम से राज्याभिषेक वशिष्ठ मुनि द्वारा किया भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक से वहां की प्रजा हर्षित हुई थी। श्रीराम एवम हनुमान की कथा मनुष्य के मन को मर्यादा व पुण्य सेवा के प्रेम को सिखाती है। श्री स्वामी ने बताया किअब पीढ़ियों के संघर्ष के बाद अब अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण ही रहा है आगामी 2024 तक मंदिर में भगवान के दर्शन होने लगेंगे। वेदांतीजी से आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात अपने उद्बोधन में श्री पाठक ने कहा की संकट मोचन हनुमान मंदिर में संस्कृत की शिक्षा के साथ लगातार धार्मिक आयोजन होते रहते है जिसके लिए आगामी समय में उनके द्वारा खुले स्थान पर पक्के सेड एवं कमरे का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर दूरस्थ क्षेत्रो व बिजयराघवगढ़ क्षेत्र के हजारों भक्तो ने नव दिवसीय हनुमान कथा का रसपान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# कैमोर की दो बालिकाओं का राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

12 दिसम्बर को बैतूल में आयोजित होगी मध्यप्रदेश स्टेट क्रांस कंट्री चैंपियनशिप स्पर्धा



**कटनी।** 56वीं मध्य प्रदेश स्टेट क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2021 बैतूल में आगामी 12 दिसंबर रविवार को आयोजित की जाएगी, जिसके लिए कल जिला चयन प्रतियोगिता जिला एथेलेटिक्स संघ द्वारा कैल्ड्रिज इंडिया एसीसी कटनी के मैदान से रखी गई थी । उक्त प्रतियोगिता में कैमोर से दो बालिकाओं अंकिता बड़गैया एवं दीपाली चौधरी सहित एक बालक हरिशचंद यादव ने भाग लिया। कैमोर की आदिवासी बस्ती बरापार की दीपाली ने अंडर-16 बालिका वर्ग में हुए 2 किमी दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कैमोर की ही अंकिता ने अंडर-18 बालिका वर्ग में हुए 4 किमी दौड़ में प्रथम स्थान अर्जित किया। 12 दिसम्बर को बैतूल में होने वाले राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए ये दोनों बालिकाओं का चयन हो गया है। हरिशचंद यादव ने अंडर-16 बालक वर्ग में हुए 2 किमी दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया है। ये तीनों खिलाड़ी एसीसी ट्रस्ट द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण के प्रशिक्षार्थी है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले राजस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भी कैमोर की खिलाड़ी छात्रा नेहा को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। इन खिलाड़ियों को एसीसी सीएसआर की द्रोण परियोजना के तहत विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए तैयार किया जाता है।

# एन्फ्लूएंजा रोग नियंत्रण के लिये आरआरटी गठित

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर एवियन एन्फ्लूएंजा रोग नियंत्रण के दृष्टिगत आरआरटी व प्रकोष्ठों का गठन कर आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया है। उप संचालक पशु चिकितसा सेवायें कटनी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि संबंधित दल अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत बर्ड फ्लू का उद्भेद होने पर रोकथाम नियंत्रण के तहत पक्षियों की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर अवलंब सूचित करें एवं प्रभावित पक्षियों का रक्त सीरम का नमूना जांच हेतु कोल्ड चैन में डायरेक्टर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफहाई सिक्यूरिटी एनिमल डिसीज भोपाल को भेजें। साथ ही यदि मुर्गी विक्रेता या पक्षी विक्रेताओं को साधारण सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी व सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करने के निर्देश देकर उनके पक्षियों के रक्त का नमूना भी कोल्ड चेन में संबंधित लैब को भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये भी कहा गया है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत जिलास्तर पर एक कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है। जिसका नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. सोनी को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एक रेपिड रिस्पांस टीम भी गठित की गई है। इस दल में 7 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर एक आरआरटी एवं कन्ट्रोल रुम का गठन कर लोक सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है।

## जिलास्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति बनी

**कटनी।** जनगणना 2021 कार्य एवं गतिविधियों के सुचारु एवं सफल संचालन तथा पर्यवेक्षण के दृष्टिगत जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। जनगणना समन्वय समिति में प्रदेश शासन द्वारा जारी कार्य दायित्व एवं इस संबंध में जारी आदेशों का अनुपालन समय सीमा में करने के निर्देश कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने दिये हैं। इस समिति में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर, अध्यक्ष होंगे। वहीं अतिरिक्त प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत को सदस्य एवं जिला जनगणना अधिकारी अपर कलेक्टर को संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अतिरिक्त जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण एवं जिला जनसम्पर्क अधिकारी इस समिति में सदस्य नियुक्त किये गये हैं।

# तेज हुआ वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण का कार्य

कटनी। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश तथा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुरीक्षण कार्य जारी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने तहसील एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कटनर ग्रामीण एवं कटनी नगर को कार्यालय में उपलब्ध फॉर्मो का सही ढंग से रखरखाव करने तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिये प्रयास कर आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देशित किया है। जिसमें सभी बूथ लेवल अधिकारियों, बीएलओ, सुपरवाईजर्स को निर्देशित करने के लिये कहा गया है कि वे एप के माध्यम से ऑनलाईन फीडिंग करायें। साथ ही कार्य न करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों, बीएलओ, सुपरवाईजर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

### दावे-आपत्तियाँ 5 दिसम्बर तक लिए जायेंगे

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश राजेश कुमार कौल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में दावे-आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि 5 दिसम्बर, 2021 तक बढ़ाई गई है। तिथि में वृद्धि का उद्देश्य सभी पात्र व्यक्तियों को दावे और आपत्तियाँ दाखिल करने के लिये और समय उपलब्ध कराना है। आयोग ने पहले यह तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की थी। इस अवधि में ऐसे पात्र मतदाता, जिनकी आयु एक जनवरी, 2022 को अथवा उससे पूर्व 18 वर्ष पूर्ण हो गई है और मतदाता-सूची में उनके नाम दर्ज होने से शेष हैं, तो संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा उनके घर जाकर सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। एक जनवरी, 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिक अपना नाम मतदाता-सूची में जोड़ने के लिये पात्र होंगे। इसके लिये इन्हें बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से सम्पर्क करना चाहिए। मतदाता-सूची में नाम शामिल करवाने के लिए वोटर हेल्प लाइन एप डाउनलोड कर मोबाइल के माध्यम से भी अपना नाम जोड़ा जा सकता है।

# अधिकारियों ने ब्लाक स्तर पर ली बैठक
# ओमिक्रोन वेरियंट को लेकर जिले में सतर्कता





**कटनी।** ओमिक्रोन वेरिएंट को लेकर प्रदेश के साथ ही जिले में सतर्कता बरतने व आवश्यक तैयारी को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है।

गुरूवार को जहां कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नगर निगम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, व्यापारियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड की जांच बढ़ाने और लोगों का सतर्कता बरतने के साथ तैयारी को लेकर बैठक की तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जिला स्तर से अधिकारियों ने पहुंचकर ब्लाक स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों, सरपंचों, सचिवों के साथ बैठक कर एतिहात बरतने, शत्-प्रतिशत टीकाकरण व कोविड-19 टेस्टिंग बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया ने जिले के सभी छह विकासखंडों की ब्लाक स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी, सरपंच व सचिवों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने बाहर से आने वाले लोगों का अनिवार्य रूप से कोविड टेस्ट कराने और संभावित लहर की आशंका को देखते हुए आवश्यक एतिहात लोग बरतें, कोविड वेक्सीनेशन के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किए। जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, मास्क का उपयोग, बाहर से आने वालों की जांच सहित सुरक्षा उपायों को लेकर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने गांव-गांव अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए और ब्लाक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी जानकारी भी ली और व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए।



# कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** कई वर्षो से चली आ रही वेतन विसंगति, भृत्य का पदनाम परिवर्तन मांग की पूर्ति के संबंध में म. प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला कटनी के द्वारा अपना ज्ञापन विधायक बड़वारा विजय राघवेन्द्र सिंह को सौंपा गया।ज्ञापन सौंपते समय में प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय गौतम, सचिव पूर्णेश कुमार उईके, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र राव, उपाध्यक्ष नीलेश पौराणिक, अजमुद्दीन, मथुरा प्रसाद, रामलोचन यादव, राकेश जसूजा, मनोज श्रीवास, आशीष शर्मा, आशीष बर्मन आदि उपस्थित थे।

# दिसंबर की शुरूआत में ही बदला मौसम का मिजाज

## आसमान में छाए बादल, बारिश की संभावना बढ़ी



**कटनी।** दिसंबर की शुरुआत होते ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है। आज से बादल छाने के साथ-साथ मौसम में नमी की वजह से सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। वहीं मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए मौसम विभाग द्वारा बारिश की भी संभावना भी जताई जा रही। जिसके चलते तापमान में भी गिरवाट देखने को मिलेंगी। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 2 दिन के बाद और अधिक में ठंड बढ़ेगी। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने सिस्टम के प्रभाव से मौसम में परिवर्तन हो रहा है। इसी की वजह से मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। वहीं पूरे दिसंबर के महीने की बात करें तो कई दिन बारिश की संभावना है तो दूसरी तरफ बादल भी छाए रहेंगे। इसके साथ-साथ कोहरा का असर पूरे दिसंबर महीने में देखने को मिलेगा।

### बढ़ेगा ठंड का असर

नए पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते बीते तीन से चार दिन में मौसम बदलने के साथ ही अब सर्दी का असर भी बढ़ गया है। गलन भरी सर्दी के बीच तापमान में उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। फिलहाल एक से दो दिनों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटे के तापमान में करीब 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी दर्ज की जा चुकी है।

### आगे भी बदल सकता है मौसम का मिजाज

मौसम विभाग के मुताबिक देश के दक्षिणी राज्यों में हुई तेज बारिश के बाद अब मध्य भारत में भी बरसात की आशंका बढ़ रही है। 6 दिसंबर के बीच फिर से दो पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे सकते हैं। ऐसे में बारिश के आसार बन रहे हैं। इस तंत्र के सक्रिय होने से पांच-छह दिसंबर को बारिश आने के पूरे आसार हैं। इस दौरान पहाड़ी और मैदानी दोनों जगहों पर बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक बारिश होने के बाद ठंड तेजी से बढ़ेगी।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 7 दिसम्बर को

कटनी।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 7 दिसम्बर को होगा। यह बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने समिति सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है। वहीं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभागों से संबंधित संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 03 से दोपहर 1, 3.30, 6 एवं रात्रि 8.30 बजे से

तड़प

कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 4.30, 7.30, एवं रात्रि 10 बजे से

अंतिम
(The Final Truth)

कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से

सत्यमेव जयते – 2

कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
हिंदी में




रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12.30 एवं 2.30 बजे से

Resident Evil
(Welcome to Raccoon City)

कलाकार- टॉम हापर, अवन जोगिया, अवा ब्लेकवेल, लिली गाओ, डोनल लॉग आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 03 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# बीमारी आए,उससे पहले ही कर लें निपटने की तैयारी

**बाहर आना-जाना करने वाले व्यापारी स्वेच्छा से कराएं अपना कोविड टेस्ट- कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, व्यापारियों की संयुक्त बैठक**

कटनी। कोरोना की पिछली लहर का हमनें मिलकर सामना किया और उस पर विजय प्राप्त की। कोरोना हमारे लिए चुनौती है और हम सब मिलकर निश्चित ही चुनौती से निपटेंगे। इसके लिए जरूरी है कि बीमारी आए उससे पहले ही हम उससे निपटने की पूरी तैयारी कर लें। कोविड महामारी से निपटने का पहला चरण वैक्सीनेशन है और उस पर सबसे पहले ध्यान देना होगा। यह बात मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने जिला पंचायत सभागार में कोविड की संभावित तीसरी लहर से निपटने तैयारियों को लेकर आयोजित नगर निगम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, व्यापारियों व संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक के दौरान कही।



विधायक ने कहा कि पहले से ही माधवनगर के गर्ल्स हॉस्टल में 200 बिस्तर का अस्पताल तैयार कर लें, जिसमें ऑक्सीजन सहित सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों और यदि हमें जरूरत पड़े तो हम उसका तत्काल उपयोग कर सकें। विधायक ने सभी व्यापारियों, उद्योगपतियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों को वैक्सीन के दोनों डोज लगे हैं या नहीं और जिनके यहां शत प्रतिशत कर्मचारियों का टीकाकरण हो गया है, उनके प्रतिष्ठानों के बाहर इस बात की सूचना भी चस्पा हो, ताकि दूसरे से भी वैक्सीनेशन के लिये प्रेरित हों।

बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने व्यापारियों से कहा कि जो भी व्यापारी व्यवसायिक कार्यों से बाहर जाते हैं, लौटने के बाद वे स्वेच्छा से अपना कोविड टेस्ट कराएं। ताकि संक्रमण फैलने की आशंका कम हो। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बाहर से आने वालों पर भी ध्यान दें कि उनका भी टेस्ट हो सके। उन्होंने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि में कोविड टेसि्ंटग की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि व्यापारियों के यहां ट्रक चालकों का आना-जाना रहता है और ऐसे स्थान जहां पर ट्रकों का आवागमन है, वहां पर भी व्यापारी स्थान उपलब्ध कराएं, ताकि वहां भी कोविड टेस्ट के लिए केन्द्र खोला जा सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संक्रमण के नवीन वेरियंट के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने वैक्सीनेशन के द्वितीय डोज पर फोकस करने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि इसमें सभी व्यापारी, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि भी सहयोग प्रदान करें ताकि 31 दिसंबर से पहले ही जिले में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि हमारी सुरक्षा, हमारे शहर और जिले की सुरक्षा है, इसको ध्यान में रखकर यदि कोई विदेश से आता है या किसी के बच्चे वापस आते हैं तो वे अनिवार्य रूप से उनका कोविड टेस्ट कराएं।

### टेस्टिंग से नहीं कर पाएगा कोई इंकार

बैठक में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने बताया कि टीकाकरण व टेसि्ंटग से कोई इंकार नहीं कर पाएगा, इसको लेकर निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि होटल, मॉल, प्रतिष्ठानों में टीकाकरण की जानकारी संबंधी रजिस्टर रखने अनिवार्य किए गए हैं और उसमें बहुत से लोग अभी जानकारी नहीं भेज रहे हैं। श्री टोप्पो ने रोजाना की जानकारी अनिवार्य रूप से भेजने और वैक्सीनेशन रजिस्टर रखने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने दी जाएगी राशि

बैठक में पूर्व नगर निगम अध्यक्ष संतोष शुक्ला ने कोविड के दौरान जिला अस्पताल से शवों को लेकर जाने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। जिसमें कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में ही रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से सभी कर्मचारियों को पांच-पांच हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान करने के निर्देश दिए। वहीं विधायक श्री जायसवाल ने शासकीय अस्पताल के नर्सिंग स्टॉफ, नगर निगम के सभी सफाई कर्मचारियों, सफाई मित्रों को भी प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। व्यापारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों से भी तीसरी लहर की आशंका को लेकर सुझाव लिए गए और उसके अनुसार अभी से तैयारी करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए। इस दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नगर के व्यवसायी, समाजसेवी संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।

## शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए सम्मानित हुए पुलिस अधिकारी



**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार की मंशानुरूप शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में पांच अधिकारियों ने टॉप किया हैं। जिसमें कुठला थाना प्रभारी रहे टीआई विपिन सिंह बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, बडवारा थाना प्रभारी एसआई अंकित मिश्रा तथा माधवनगर थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। माह अक्टूबर 2021 के जारी ग्रेडिंग उपरांत जिले स्तर पर एल 1 स्तर से 25 से अधिक प्राप्त शिकायतों में संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने वाले अधिकारियों में टीआई विपिन सिंह निरीक्षक 95 पॉइंट 65 प्रतिशत संदीप अयाची बरही थाना प्रभारी 89 पॉइंट 13 अंकित मिश्रा उपनिरीक्षक बड़वारा 86.21 प्रतिशत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग विकल्प कुमार पटेल सहायक यंत्री स्लीमनाबाद 82.35प्रतिशत विजय कुमार विश्वकर्मा निरीक्षक माधवनगर 81.16 प्रतिशत जिले के इन टॉप 5 एल 1 अधिकारियों को टीएल बैठक दिनांक 6 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जायेगा।

## 5 दिसम्बर को होंगे शिक्षक संघ के चुनाव



**कटनी।** म. प्र. शिक्षक संघ के संयोजक गणेश शंकर गर्ग एवं सह संयोजक शिव कुमार सोलंकी ने जानकारी दी है कि प्रांतीय इकाई के निर्देशानुसार जिला शाखा कटनी के त्रैवार्षिक निर्वाचन 5 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से शासकीय प्राथमिक शाला, खिरहनी (दुर्गा चौक कटनी) में संपन्न होंगे। इसमें नगर, विकासखण्ड व तहसील इकाईयों के पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन करेंगे तथा संघ के समस्त वार्षिक सदस्य पदाधिकारियों हेतु नामांकन फार्म भर सकेंगे। उक्त कार्यक्रम की अधिसूचना जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा जारी की जा चुकी है। अतः समस्त सदस्य गण एवं पदाधिकारी उक्त दिनांक को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे ऐसी सभी से अपेक्षा है।

## बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक



**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में आगामी नेशनल लोक अदालत 11 दिसम्बर 2021 को सफल बनाये जाने तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ता उपस्थित रहे। सचिव जिला प्राधिकरण श्री नोटिया द्वारा बैठक में नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु परिचर्चा करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निराकरण की अपील की गई।

## भू-अधिकार पुस्तिका अब ऑनलाइन, सुशासन की दिशा में एक और कदम

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भू-अधिकार पुस्तिका प्राप्त करने का सुगम और आसान तरीका बनाने के निर्देशों के अनुपालन में मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग ने भू-अधिकार पुस्तिका उपलब्ध कराने के संबंध में संशोधित नियम जारी किए हैं। अब भू-अधिकार पुस्तिका आवेदक को ऑनलाइन प्राप्त होगी। भू-स्वामी अपनी भू-अधिकार पुस्तिका प्राप्त करने के लिए आईटी सेंटर, एम.पी. ऑनलाइन, लोक सेवा केन्द्र, कियोस्क सेंटर और शासन द्वारा प्राधिकृत सेवा प्रदाता के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन मिलने वाली भू-अधिकार पुस्तिका सामान्यतः दो पृष्ठों की होगी। इसके लिए शासन द्वारा 45 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रकरण विशेष में पुस्तिका यदि अधिक पृष्ठों की है, तो प्रत्येक पृष्ठ के लिए 15 रुपये अतिरिक्त देय होंगे। प्रदेश में भू-अधिकार पुस्तिका अब ऑनलाइन प्रदाय की जायेगी। पूर्व में प्राप्त की गई भू-अधिकार पुस्तिका यथावत उपयोग में ली जा सकेगी। राजस्व विभाग द्वारा भू-अधिकार पुस्तिका प्रदाय करने के लिए समय-सीमा लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निर्धारित की गई है। भूलेख पोर्टल से भू-अधिकार पुस्तिका की डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति डाउनलोड कर आवेदक को निर्धारित समय-सीमा में प्रदाय की जायेगी। ऑनलाइन भू-अधिकार पुस्तिका प्राप्त करने के लिए कृषक/आवेदक को अपना आधार कार्ड, फोटो, मोबाइल नम्बर, समग्र आईडी, पटवारी हल्का और सेक्टर क्रमांक आदि अभिलेख उपलब्ध कराना होंगे। इन अभिलेखों के आधार पर ऑनलाइन सेवा प्रदाता संस्था आवेदक का आवेदन प्रस्तुत कर देगी। आवेदक द्वारा भू-अधिकार पुस्तिका का आवेदन किए जाने के लिए यदि आधार नम्बर उपलब्ध नहीं है, तो आवेदक का फोटो लेकर क्षेत्र के पटवारी से सत्यापित करवाया जायेगा। पटवारी का दायित्व है कि वह आवेदक का फोटो तीन कार्य दिवस में सत्यापित अथवा अमान्य करें। पटवारी द्वारा ऐसा नहीं किए जाने की दशा में फोटो को सही मानकर भू-अधिकार पुस्तिका जारी की जायेगी। भू-अधिकार पुस्तिका का आवेदन अमान्य किए जाने अथवा समय-सीमा में निराकरण नहीं होने पर आवेदक को अपील करने का अधिकार होगा। आवेदक प्रथम अपील 30 दिवस और द्वितीय अपील 60 दिवस में प्रस्तुत कर सकेगा। दोनों ही अपील निराकरण करने की समय-सीमा 15 दिवस निर्धारित की गई है।




## पीड़ितों की पीड़ा हरने वाले का दुख कोई नहीं समझ पाता

**सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष आर के सिंह सैनी के उद्गार**





**कटनी।** आम जन के दुःख दर्द को हल करने में अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों का महत्वपूर्ण दायित्व है जिसका निर्वहन बखूबी दोनों पक्ष कर रहे हैं परन्तु इन दोनों पक्षों के दुःख दर्द को न तो शासन और न ही प्रशासन बांटता हैं पीड़ितों की पीड़ा हरने वाले की पीड़ा कोई नहीं समझ पाता इस हेतु राज्य अधिवक्ता परिषद हमेशा सक्रिय रहता है उक्ताशय के विचार गत दिवस स्थानीय राज पैलेस में अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद तथा जन लोक मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह में पधारे मध्य प्रदेश स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष व कटनी मंडला जिले के प्रभारी तथा जबलपुर अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर के सिंह सैनी ने व्यक्त किये। श्री सैनी ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि स्टेट बार अधिवक्ताओं के हित हेतु समय समय पर कदम उठाता रहता है कोविड के दौरान भी अधिवक्ताओं को आर्थिक मदद प्रदान की गयी और की जा रही है साथ ही अन्य गंभीर बिमारियों के इलाज हेतु आर्थिक रूप से कमजोर अधिवक्ताओं को भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। अधिवक्ताओं को कार्य के दौरान अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसके हल हेतु न्यायालय तथा अधिवक्ताओं के बीच सामंजस्य बनाने हेतु स्टेट बार ने शिकायत निवारण समिति बनायीं है व कटनी जिले का प्रभारी मुझे नियुक्त किया है चूँकि व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए मैंने कटनी कि युवा महिला सक्रिय अधिवक्ता एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज कार्यकारणी सदस्य जिला अधिवक्ता संघ कटनीद्ध को मेरी अनुपस्थिति में अपने प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किया है साथ ही इन्हें यह भी निर्देश दिए हैं कि कटनी जिले के अधिवक्ताओं कि समस्याओं तथा विभिन्न आवेदनों को मध्य प्रदेश स्टेट बार कौंसिल के समक्ष प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन सुनील रान्धेलिया, गोपाल सिंघानिया, अनिरुद्ध बजाज ने अपने उद्बोधन में झूटे मामलों के संदर्भ में न्याय पाने हेतु अधिवक्ताओं के सहयोग व पैरवी कि वकालत कि जिस पर श्री सैनी ने सहमति व्यक्त करते हुए मंच से घोषणा की कि पत्रकारों को किसी भी प्रकार कि न्यायिक आवश्यकता पड़ने पर उनके तथा उनके साथियों द्वारा निशुल्क पैरवी कि जावेगी। सम्मान समारोह के दौरान मंचासीन अन्य अथिति जनलोक मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट पी एल त्रिपाठी, राजेश दीक्षित पुर्व जिला अध्यक्ष कटनी अधिवक्ता संघ, एडवोकेट आर के बक्शी, व अंजुला सरावगी बजाज कार्यकारणी सदस्य जिला अधिवक्ता संघ कटनी एवं योगेश खरे ने भी अपने उदगार व्यक्त किये। इसके पश्चात मध्य प्रदेश स्टेट बार कौंसिल के कार्यकारी अध्यक्ष तथा जबलपुर अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर के सिंह सैनी को अधिवक्ता गौरव सम्मान से अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद तथा जन लोक मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान पत्र, शाल श्रीफल भेंट कर किया इसके अलावा मंचासीन सुनील रांधेलिया, गोपाल सिंघानिया, राजेश दीक्षित पूर्व जिला अध्यक्ष कटनी अधिवक्ता संघ, जनलोक मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट पी एल त्रिपाठी, एडवोकेट आर के बक्शी, व अंजुला सरावगी बजाज कार्यकारणी सदस्य जिला अधिवक्ता संघ कटनी एवं वरिष्ठ पत्रकार योगेश खरे का सम्मान भी शाल श्रीफल से किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध बजाज तथा आभार प्रदर्शन एडवोकेट पी एल त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।
Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

## 28 फरवरी तक निर्धारित शुल्क देकर बच सकते है कार्रवाई

# अवैध निर्माण कर लिया तो डरें नहीं, नगर निगम करेगा वैध

**जबलपुर, यशभारत। नगर निगम सीमा में भवन निर्माण के साथ अवैध निर्माण करने वाले नागरिकों को डरने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोग 28 फरवरी तक अपने अवैध निर्माण को निर्धारित शुल्क देकर वैध करा सकेंगे। नगर निगम ने नागरिकों को राहत देते हुए यह सुविधा शुरू की है।**

### एबीपीएएस सिस्टम से होगा भुगतान




नगर निगम में क्षेत्र में बिना नगर निगम की अनुमति के भवन निर्माण कराने व अनुमति से अधिक अवैध निर्माण कराने वाले अपने निर्माण को निर्धारित शुल्क देकर वैध करा सकते हैं। इसमें उन्हें 20 फीसद तक की छूट भी जाएगी। लेकिन इसके लिए आवेदकों को 28 फरवरी 2021 तक ई-नगर पालिका के आटोमेटिक बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (एबीपीएएस) के माध्यम से आवेदन करना होगा। प्रशमन के लिए प्राप्त प्रकरणों में 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। निगमायुक्त संदीप जीआर ने नागरिकों को दी जा रही इस छूट का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### छूट मिल रही है तो नागरिक लें, परेशानी हो तो संपर्क करें

नगर निगम के भवन अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहर के उन नागरिकों को राहत दी जा रही है जिनके द्वारा बिना अनुज्ञा के भवन निर्माण अथवा भवन अनुज्ञा से अधिक निर्माण कर लिया गया है। भवन अनुज्ञा में प्रश्मन अथवा कम्पाउंडिंग की सीमा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दी गई है। इससे शहर के हजारों नागरिकों को लाभ मिलेगा। ऐसे सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके द्वारा अभी तक कम्पाउंडिंग नहीं कराई गई है। वे शीघ्र कम्पाउंडिंग के लिए प्रकरण जमा कर शासन द्वारा जारी प्रावधानों के तहत छूट का लाभ उठा सके। इस मामले में किसी भी तरह की परेशानी हो नागरिक संपर्क कर सकते हैं।

### नागरिकों को राहत देने नगर निगम का प्रयास

### निगम का खजाना भरेगा

शासन के इस फैसले से अवैध निर्माण करने वाले भवन स्वामियों, बिल्डरों व कालोनाइजरों को राहत मिलेगी, जिन्हें अवैध निमार्णो के नोटिस लगातार थमाए जाते रहे हैं। नगर निगम को भी इससे अतिरिक्त करोड़ों रुपये की आमदनी होगी। इसके अलावा अवैध निमाज़्ण को भी बल मिलेगा।

### 4 टीमें गठित की गई है

नगर निगम भवन अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि सहायक यंत्री और उपयंत्री अधिकारियों को 4 टीमें बनाई गई है जो पूरे शहर में घूमकर पता करेंगी कि कहां पर वैध निर्माण से ज्यादा निर्माण हो रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर अवैध निर्माण को वैध कराने की समझाइश दी जाएगी। बाबजूद लोग नहीं माने तो ऐसे निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम करेगा।

## टिकट निरीक्षकों की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# एक माह में वसूला 8 करोड़ का जुर्माना

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल में चल टिकट निरीक्षकों द्वारा यात्री गाड़ियों में 24 घंटे किए जा रहे टिकट जांच अभियान के परिणाम स्वरूप नवंबर माह में मंडल में टिकट निरीक्षकों की टीम ने एक लाख 21 हजार 911 यात्रियों को अनियमित टिकट पर ट्रेनों में यात्रा करते हुए पकड़ कर उनसे 08 करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक की धनराशि जुर्माना के बतौर वसूल की है। एक माह में 08 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल करने का इस मंडल का इस वित्तीय वर्ष में पांचवा प्रयास है जिससे इस वित्तीय वर्ष में मंडल ने अब तक कुल 49 करोड़ 60 लाख रुपए का जुर्माना अनियमित यात्रियों से वसूल कर लिया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि जबलपुर मंडल में टिकट निरीक्षकों को टिकट जांच हेतु सतत अभियान के लिए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल शरण माथुर द्वारा निर्देशित किया जाता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप मंडल में वाणिज्य अधिकारियों के साथ ही टिकट निरीक्षकों ने निरंतर जांच अभियान चलाकर यह उल्लेखनीय जुर्माना वसूल किया है। श्री रंजन ने बताया कि अप्रैल 2021 से नवंबर 2021 तक 08, माह में जबलपुर मंडल ने अब तक रिकॉर्ड 49 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है यह जुर्माना निरीक्षकों ने 6 लाख 46 हजार यात्रियों को पकड़ कर वसूल किया है उन्होंने बताया कि मंडल में चौबीसों घंटे प्रत्येक गाड़ी में चल टिकट निरीक्षक तथा उड़नदस्ता मौजूद रहता है तथा मुस्तैदी के साथ टिकट जांच पूरे मंडल में की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप करोड़ों रुपए का राजस्व वाणिज्य विभाग द्वारा अर्जित करके जमा किया जा रहा है।



# 30 वीं अभा रेलवे सुरक्षा बल वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर में 30 वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन द्वारा 2 से 7 दिसंबर तक रेलवे स्टेडियम एवं जीसीएफ राम मंदिर ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है।**



इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी द्वारा किया गया। इस समारोह के दौरान प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त प्रदीप गुप्ता, उप महानिरीक्षक महेश्वर सिंह, तथा मण्डल रेल प्रबंधक संजय विस्वास की गरिमामय उपस्थिति में रेल सुरक्षा बल और सभी खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस समारोह का शुभारम्भ करते हुए अपर महाप्रबंधक ने कहा कि यह बताते हुए कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि अखिल भारतीय स्तर पर महिला एवं पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन संस्कारधानी जबलपुर शहर मे हो रहा है। पश्चिम मध्य रेल खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेल जीवन के लिए नितांत आवश्यक है खेल जीवन का अभिन्न अंग है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस तरह की प्रतियोगिता से कर्मचारियों में टीम वर्क एवं एक दूसरे के मदद करने की भावना आती है तथा कार्य के प्रति प्रतिस्पर्धा भी जाग्रत होती है। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता में पूरे भारतीय रेलवे से अलग-अलग जोनल रेलवे से पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें पुरुष वर्ग में 16 जोनों मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, पूर्व मध्य रेलवे, पूर्व तटीय रेलवे, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण पश्चिम रेलवे, रेलवे सुरक्षा विशेष बल एवं पश्चिम मध्य रेल की टीमों से लगभग 205 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इसी प्रकार महिला वर्ग में जोनल रेलवे के विभिन्न 07 जोनों रेलवे सुरक्षा विशेष बल, दक्षिण पश्चिम रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, पूर्व रेलवे, मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे की लगभग 74 महिला खिलाड़ी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग टीमों को 04 पूल में और महिला वर्ग टीमों को 02 पूल में विभाजित किया गया है। पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में 32 एवं महिला वर्ग प्रतियोगिता में 13 मैच सहित कुल 45 मैच आयोजित किये जायेंगे। उद्घघाटन समारोह में पहला मैच पुरूष वर्ग में पश्चिम मध्य रेल जबलपुर और पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के मध्य खेला गया। इस मैच का संचालन राष्ट्रीय स्तर के रैफरियों द्वारा किया गया। इस समारोह के दौरान पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों और जबलपुर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त अरुण त्रिपाठी पमरे की खेल अधिकारी अर्जुन अवार्डी मधु यादव सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## संत अलायसियस महाविद्यालय द्वारा विश्व एड्स दिवस पर नुकक्ड़ नाटिका

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्ववारा अंतरराष्ट्रीय एडस दिवस पर महाविद्यालय प्रागंण में बी.एड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटिका कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति की गयी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स पीड़ितों के प्रति सम्भाव की भावना का विकास करना तथा एड्स जैसी घातक बीमारी से कैसे बचा जा सकता इस संबंध में सामान्य जनता को जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन मीता अग्रवाल (समन्वयक) द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. वलन अरासू के मार्गदर्शन में किया गया उक्त कार्यक्रम के सफलता पूर्वक समापन में डॉ. किरण मिश्रा विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय, डॉ. श्रीमान रोशन सोंधिया, डॉ. जरीन बक्श, हरीश दुबे, डॉ. तापसी नागराज, डॉ. सुषमा पिल्ले ,सीमा पोटफोड़े, नेहा नामदेव, वीरेन्द्र कुमार चुटेलकर का सहयोग सराहनीय था ।

## सेवा भारती ने स्टेशनरी सामग्री प्रदान की




जबलपुर। सेवा भारती महाकौशल द्वारा संचालित ब्रज मोहन नगर प्राथमिक शाला में स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री का नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी घ्यनश्याम सोनी, सेवा भारती के महेश सोनी, अनिल शर्मा, ब्रजभूषण दुबे, चंद्रमोहन मिश्रा सहित क्षत्रिय जन उपस्थित थे।




## मॉडल स्कूल बैच 99 का चलो मैहर आयोजन

**जबलपुर।** माँ शारदा के दर्शन करने के लिये चलो मैहर का आयोजन मॉडल स्कूल बैच 1999 द्वारा सफलता पूर्वक बस यात्रा द्वारा किया गया। आयोजन को सफलता पूर्वक संचालित करने में आशीष इन्दुरख्या, अमित खंडेलवाल, महेश शुक्ला, अमित अग्रवाल, अभिषेक दुबे, सुधांशु परेता, रीतेश वर्मा, श्रेणिक जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यात्रा बस का शुभारंभ आशीष इन्दुरख्या के बंगले जंगल गार्डन सदर से उनके पिता के द्वारा सभी मित्र यात्रियों को शुभकामनाएँ देकर किया गया। सफ़र में मॉडल मित्रों अभय, विवेक, असीम, रीतेश जैन, प्रवीण, लोकेश, रविकिरण, अमित भट्टाचार्य, शशांक, आशीष सेन, रविकान्त सोनकर, यतीन्द्र, महेंद्र, नितिन, राहुल, शैलेष का साथ उल्लेखनीय है।

# हर घर में तालीम की शमा जलानी होगी

**जबलपुर।** शाह बिरादरी का अपना इतिहास है. देश की आज़ादी के लिए समाज के हजारों सेनानियों ने जो कुर्बानी दी है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है. लेकिन अफसोस आज हम हर क्षेत्र में पिछड़ गए हैं. वक्त के साथ हमें ढलना होगा. और हर घर में तालीम की शमा जलानी होगी. उक्ताशय के उदगार मकनपुर से आए नामवर आलिम मुफ्ती इसराफ़ील हैदरी मदारी ने व्यक्त किए. वह पाचवीं शाह अल्वी नेशनल कांफ्रेंस में बोल रहे थे. शहीद स्मारक आडीटोरियम में देश भर से आए प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान रहम अली ने कहा देश में बिखरे समाज के करोड़ों लोगों को एकजुट होकर अपने हक के लिए आगे आना होगा. मौलाना कैसर रज़ा, प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद शरीफ शाह, शाह मेहमूद अनवर, जबलपुर अध्यक्ष हाजी डाक्टर शमीम शाह सहित कई वक्ताओं ने कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए शिक्षा व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए ज़ोर दिया. इससे पहले तिलावते कलाम पाक से जलसे का आगाज़ हुआ. शाह अल्वी एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई कांफ्रेंस में दिल्ली, महाराष्ट्र,यूपी, तेलंगाना, राजस्थान आदि राज्यों के डेलीगेटस ने शिरकत की. कांफ्रेंस को कामयाब बनाने में सम्भागीय प्रभारी जलील शाह, प्रदेश महामंत्री अतीक अहमद मम्मा, जिला अध्यक्ष हाजी डाक्टर शमीम शाह, साजिद अली, मेहमूद अनवर, मकसूद शाह आदि की अहम भूमिका रही।



## श्रीराम कॉमर्स कॉलेज के एनसीसी कैडेट आरडीसी में शामिल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कम्पोजिट टेक्निकल रेजीमेंट के एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर अनमोल पटेल सार्जेंट गुलशन केवट जबलपुर ग्रुप हेडक्वार्टर की ओर से आरडीसी कैंप हेतु भोपाल रवाना। यह दोनों कैडेट श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के कॉमर्स संकाय के विद्यार्थी हैं। ज्ञातव्य है कि श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स विगत तीसरे वर्ष में एनसीसी के के 2 कैडेट ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, यह दोनों सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागी होंगे। इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष श्रीमान आर. के. करसोलिया, प्राचार्य डॉ भरत सोलंकी, एनसीसी अधिकारी डॉ कैप्टन प्रदीप दुबे, पी.आर.ओ सुधीर सक्सेना, केयरटेकर ऑफिसर वैभव चौबे नेवल इंस्ट्रक्टर मधुसूदन पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बैंक से डिफाल्टर नहीं और शिक्षा 12 वीं तक है तो मिलेगा 50 लाख का लोन

**जबलपुर, यश भारत।** जिले के युवा उद्यमियों को करीब डेढ़ वर्ष बाद राहत मिली है। वे नया उद्योग स्थापित करने के साथ व्यवसायिक इकाई की स्थापना कर सकेंगे। शासन ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी एवं स्वरोजगार योजना बंद कर दी थी, लेकिन अब ऐसे हितग्राहियों के लिए नई योजना के साथ नई राह खुल गई है। हितग्राही प्रदेश सरकार की हाल में शुरू हुई मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के जरिए ऋ ण प्राप्त कर सकेंगे। इसका विवरण शासन ने जारी कर दिया है। जिले के लक्ष्य निर्धारण के बाद उस आधार पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अलावा दूसरे विभाग औद्योगिक परियोजनाओं के लिए युवाओं से आवेदन लेना प्रारंभ करेंगे।

### रोजगार- प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना शुरू

योजना की रोजाना होती थी पूछताछ- जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में स्वरोजगार योजना के लिए लगातार पूछताछ होती थी। अभी तक युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिए उद्योग एवं सेवा इकाई के लिए करीब 2 करोड़ रुपए तक की सहायता मिलती थी। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 10 लाख रुपए तक का बैंक लोन मिलने का प्रावधान है, लेकिन अप्रैल 2020 के बाद इन योजनाओं को लेकर कोई लक्ष्य निधाज़्रित नहीं किए गए।

### मध्यप्रदेश सरकार ने युवा उद्यमियों को दी राहत, अब स्वयं का रोजगार शुरु कर सकेंगे युवा

### यहां से आते हैं आवेदन

जिले में उद्योग एवं व्यापार व सेवा इकाई के लिए कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं। प्रमुख रूप से गारमेंट इकाई, फेब्रिकेशन, एपैरल, ऑटोमोबाइल, बेवरेजेथ, फू ड प्रोसेसिंग, मैटल फ नींचर, आइटी, वुडन फ नींचर, प्लास्टिक, फ र्मा, कंस्ट्रक्शन मटेरियल, एफ एमसीजी, मिनरल बेस्ड, टैक्सटाइल्स, पेपर, इंजीनियरिंग, कंज्यूमर ड्यूरेवल, पैकिंग मटेरियल जैसी इकाईयों के लिए अधिक आवेदन आते हैं।



## ग्राम सूरतलाई में नुक्कड़ नाटक व रैली

जबलपुर। विश्व एड्स निवारण दिवस पर नचिकेता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना* ने गोदग्राम-सूरतलाई में जाकर एड्स के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक बनाने हेतु एक रैली व नुक्क ? नाटक का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.(श्रीमती)प्रीति रेखा चंद्रा ने हरी झंडी दिखाकर की। इसकी व्यवस्था में महाविद्यालय के रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह चंदेल का विशेष योगदान रहा । रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रज्ञा दुबे एवं श्री राहुल बोहरे द्वारा किया गया।नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति में सुश्री गीता जाटव का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ह्स्स के 100 से अधिक स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

## जीआरसी में रन फॉर विक्ट्री का आयोजन

जबलपुर। 1971 के भारत पाक युद्ध की 50 वीं वर्षगांठ को दी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट सेंटर द्वारा स्वर्णिम पराक्रम वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस श्रृंखला में आज दी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट सेंटर में रन फॉर विक्ट्री (विजय रन) का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कमाडेंट दी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर ने हरी दिखाकर रन फॉर विक्ट्री (विजय रन) का शुभारंभ किया । ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट भारतीय सेना की सबसे पुरानी एवं श्रेष्ठतम रेजिमेटों में से एक है। ग्रेनेडियर्स बटालियनों ने 1971 के भारत पाक युद्ध में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट की बटालियनों ने पश्चिमी मोर्चे पर जरपाल,चकरा, बसंतर, बिजनॉट नया छोर और दारूचियान एवं पूर्व में भरूंगा मारी में सक्रिय रूप से भाग लिया था। इस युद्ध में ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट चकरा एवं जरपाल बेटल ऑनर से सम्मानित किया गया था।।

## संजीवनी नगर में श्री महावीर स्वामी का भव्य मंदिर निर्माण

# मंत्र उच्चारण के साथ हुआ भूमि पूजन, बेदी शिलान्यास

**जबलपुर।** गढ़ा,संजीवनी नगर में नवनिर्मित श्री महावीर स्वामी जी भगवान के भव्य मंदिर निर्माण का आज भूमि पूजन व बेदी शिलान्यास आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जी के आशीर्वाद से व प्रतिष्ठाचार्य बा. ब्र.धीरज भैया जी (राहतगढ़)व सम्मेद गिरी तीर्थ से पधारे बा.ब्र. पीयूष भैया जी, बा.ब्र.अभिषेक भैया व बा.ब्र.भोला भैया जी के निर्देशन में व जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, जबलपुर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मधुरमय संगीत के साथ-साथ उच्च मंच उच्चारणों के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य श्री महावीर मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन व वेदी शिलान्यास कार्यक्रम में नगर सकल जैन समाज से पधारे राजकुमार जैन काक्का, मुकेश जैन फड़नीस,सनत जैन अनिल जैन महावीर पूजन मंडल के सभी सदस्यों सहित संजय सिंघई (अमृततीर्थ) राजू स्टाइल, रमेश चंद, नीरज जैन, आनंदीलाल जैन(महाराजपुर) प्रकाश चंद जैन (कटनी) चक्रेश जैन (लखनादौन) अनूप जैन (भोपाल) सहित वीर सावरकर वार्ड के पार्षद संजय राठौड़, अरुण जैन सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन नितेश-प्रमोद जैन बाहुबली ने किया।



## सर्व ईसाई महासभा के जिला अध्यक्ष के रूप में शान कुमार ने ली शपथ



जबलपुर। सर्व ईसाई महासभा के 7वां स्थापना दिवस मनाया गया एवं नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ जिसमें पा. अभिषेक सैमुएल ने जिला संयोजक, शान कुमार जिला अध्यक्ष, डेन्जिल आंग्रे सचिव, रेजीनॉल्ड जेकब कोषाध्यक्ष, फ्रांसिस मरियाना, पा. वैभव जोशुआ उपाध्यक्ष, विकास डेविड सह कोषाध्यक्ष, शिमोन सागर मीडिया प्रभारी, भावना शर्मा महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष, आशीष डेनियल खेल प्रकोष्ठ प्रभारी, विल्सन मैनुअल अध्यक्ष सीनियर सिटीजन, प्रभाकर चक्रे संयोजक, डेविड समाधानम अध्यक्ष युवा मोर्चा ने शपथ लिया, शपथ ग्रहण राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मा. डेविड फ्रांसीस जी ने दिलाया, एवं मंच का संचालन पा. स्टैनली सुकुमार ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेरी पॉल ने उपस्थित लोगों को संबोधित कर कहा कि एकता में ही शक्ति है संगठन देश की उन्नति के लिए मिलकर सहयोग करेगा और भलाई के काम करेगा । प्रदेश अध्यक्ष अजय पीटर जी ने नव नियुक्त पदाधिकारियो को शुभकामनाएं प्रेषित किया।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रॉनी साल्वी, प्रदेश संगठन मंत्री विनोद चेम्बर्स, प्रदेश प्रभारी आशीष सालोमन, बिशप एस. के आशावान, बिशप पीटर जॉनसन, रेव्ह अगस्टीन रॉव, पास्टर डेविड लाल, पास्टर श्याम बाबू, पास्टर प्रशांत डेविड, पास्टर जी. एसैया, पास्टर वहाब और जबलपुर के सभी ईसाई धर्म गुरु एवं मसीह जान उपस्थित रहे।





## जागरूकता ही बचाव का टीका :-डॉ संजय मिश्रा

जबलपुर । राष्ट्रीय सेवा योजना श्री जानकी रमण महाविद्यालय के तत्वावधान में रासेयो रेड रिबबन द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि में डॉसंजय मिश्रा ने कहा कि जागरूकता से ही से है। और सरकार भी विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा हर उसी का परिणाम है कि तीन वर्षो से एड्स के मामलों में गिरावट आ रही है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के साथ-साथ हमे भी रचनात्मक भूमिका निभाते हुये जन सामान्य को इसके के उपायों को बताते हुये प्रचार-प्रसार करना चाहिए। रासेयो स्वयं सेवक प्रांजल रिछारिया ने एड्स के विषय में तध्यपरक आकड़ों सहित सारगर्भित जानकारी प्रदान की । आयोजन में अतिथि के रूप में व्यंगकार अभिमन्यु जैन,साहित्यकार यु. एस दुबे एवं राज सागरी मौजूद रहे। संचालन रासेयो के जिला ठा.आनंद सिंह राणा ने किया तथा रासेयो अधिकारी अजय मिश्रा ने अतिथियों के प्रति आभार किया।

# खंडहरों में खोई पुष्पावती नगरी

## पुरातात्विक महत्व की नगरी बिलहरी के कायाकल्प पर कोई नहीं दे रहा ध्यान

**कटनी।** भारत के दामन में ज़ख्मों का कोई अंत नहीं है। बीती सदियों में दिल्ली पर काबिज विदेशी हुक्मरानों ने किस तरह हमारे प्राचीन मंदिरों को तहस-नहस किया, इसके सबूत हर कहीं दिखाई देते हैं। मध्य प्रदेश में कटनी के पास ऐसी ही एक जगह है बिलहरी। यहाँ एक पूरे नगर को ही नष्ट किया गया, जहाँ अनगिनत महल-मंदिर रहे होंगे। तबाही की दास्तान खंडहर कहते हैं। सिर्फ बिलहरी ही नहीं कटनी के पास कारीतलाई और करणबेल भी ऐसे ही विकसित नगर रहे होंगे, जहाँ हमलावरों ने एक भी पत्थर साबुत नहीं छोड़ा। देखिए बिलहरी की एक झलक, जिसका पुराना नाम भी अलग है।






कटनी से दस किलोमीटर के फासले पर है आज की बिलहरी। पुराना नाम है पुष्पावती। टूटी-फूटी डामर की सड़क कटनी को इस पुरानी वैभवशाली बस्ती से जोड़ती है। बिलहरी बमुश्किल तीन हज़ार आबादी का एक उजाड़ और उदास सा कस्बा है, जिसके भीतर दाखिल होते ही दाई तरफ एक विशाल तालाब है। बाई तरफ सड़क से सटी बेतरतीब घरों की लंबी बदसूरत कतार। जहाँ तालाब की सीमा खत्म होती है, वहाँ दाई तरफदूर तक पुराने घाटों और मंदिरों के अवशेष जमीन में से झाँकते हैं। बेहिसाब मूर्तियाँ और प्राचीन मंदिरों के खंडित हिस्से यहाँ-वहाँ बिखरे हुए हैं। एक पुलिस चौकी ऐसे ही एक मंदिर और उससे जुड़े तालाब तक गए रास्ते के बीचों-बीच खड़ी है। किसी समय नीचे घाट तक बहुत ही शानदार रास्ता बनाया गया होगा। यह निश्चित ही किसी राजपरिवार के लिए विशेष रूप से बना हुआ मंदिर होगा, जिनके लिए तालाब से जोड़कर बेहतरीन नक्काशीवाले दरवाजों के साथ रास्ता बनाया गया होगा।

### बिलहरी में ऐसी कई विशाल बावड़ियाँ हैं-बावड़ी के भीतर जाने का रास्ता-वर्तमान में बदहाल बावड़ी



जैसे ही आप गाँव में दाखिल होते हैं तो हैरान रह जाते हैं। गली-गली में और घरों के सामने, खाली ज़मीन के टुकड़ों पर झाड़ियों और धूल-मिट्टी के टीलों में अनगिनत खंडित मूर्तियों के ढेर हैं। सिर्फ मूर्तियाँ ही नहीं किन्हीं महल-मंदिरों के टूटे हुए पत्थर इतनी बड़ी संख्या में हैं कि लगता है कि कोई पुराना शहर ही यहाँ दफन है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अभीक्षक केयरटेकर आशीष दुबे ने कहा कि एएसआई के सरंक्षण में काफी कुछ बचा हुआ है। वरना गाँव के लोग बताते हैं कि पहले काफी पुरातात्विक संपदा यहाँ-वहाँ हो चुकी है। कई मंदिर अपने उजाड़ शिखरों के साथ अमूल्य भग्नावशेषों को अपने दामन में लिए खड़े हैं। वाराह मंदिर इनमें से ही एक है। मंदिर के चबूतरे पर एक वाराह की प्रतिमा है। सदियों से वीरान गर्भगृह में खंडित मूर्तियाँ सहेजी गई हैं। इन्हीं में एक-दो पंक्तियों का शिलालेख मौजूद है। यह मंदिर कभी पीछे की तरफएक घुमावदार छोटी नहर के किनारे बनाया गया होगा। घाटों के अवशेष आज भी देखे जा सकते हैं। अब यह एएसआई के अधीन एक स्मारक है। एएसआई के केयरटेकर आशीष दुबे बताते हैं कि पूरे गाँव में प्राचीन विरासत बिखरी हुई है। वे हमें एक ऐसे ही परिसर में ले जाते हैं, जिसे तापसी मठ कहते हैं। यहाँ एक बावड़ी है, जिसमें घोड़ों और हाथियों को नीचे ले जाने के लिए लंबी ढालनुमा सीढ़ियाँ हैं। भीतर एक मंदिर है। इस विशाल परिसर के चप्पे-चप्पे में किसी पुरानी बस्ती के अवशेषों को ही इस्तेमाल में लाया गया और अब ये भी दम तोड़ते स्मारक की शक्ल में खड़े हैं।

### पुराने मलबे से गोंड राजाओं द्वारा बनवाया मंदिर- मंदिर की छत पर पुरानी चित्रकारी मंदिर के शिखर का भाग



गाँव के दूसरे सिरे पर एक चंडी मंदिर परिसर है। यहाँ आज भी पूजा होती है। एक प्राचीन सूखी और मिट्टी कूड़े से भरी बावड़ी इस परिसर में भी है। कई मूर्तियाँ यहाँ भी हैं। शायद ही कोई साबुत हो। एक मंदिर में देवी की मूर्ति है। गाँव में जैन धर्म का एकमात्र परिसर तरण-तारण तीर्थ ऐसा है, जिसकी देखरेख समाज के स्तर पर हो रही है और यह कुछ रौनकदार है। चारों तरफखंडित मूर्तियों, स्तंभों और द्वारों के बीच यह अकेला ऐसा टापू है। सड़क पर इसी से सटा एक प्राचीन दरवाजा करीब पंद्रह फीट नीचे अंधेरी सीढ़ियों की तरफजाने का इशारा करता है। इन सीढ़ियों की सफाई भी बरसों से नहीं हुई। नीचे उतरते जाने पर एक और शाानदार बावड़ी सामने नज़र आती है। जिसमें वैसी ही ढलान वाली सीढ़ियाँ दूसरी तरफसे उतरती हुई हरी काई से भरे पानी तक लेकर आती हैं। इस शानदार निर्माणकार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री में भी साफतौर पर इससे भी पुराने किसी मंदिर-महल के पत्थरों का इस्तेमाल दिखाई देता है। गाँव का कोई कोना ऐसा नहीं है, जहाँ कोई खंडित पत्थर का टुकड़ा दिखाई न दे। बाद में बनी इमारतों में पुराने अवशेषों को भरपूर इस्तेमाल किया गया है। अब ये इमारतें भी अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं।

### कुछ बातें एकदम स्पष्ट

बिलहरी कभी एक भव्य और व्यवस्थित छोटे शहर के रूप में चहल-पहल से भरी बस्ती रही होगीए जहाँ बड़ी तादाद में मंदिर, महलए घाट, रास्ते और चौराहे रहे होंगे। खंडित पाषाणों का स्थापत्य दसवीं और ग्यारहवीं सदी के चंदेल और परमार राजवंशों के समय बने मंदिरों से मिलता-जुलता है। यानी करीब 1000 साल पहले तक यह अपने मूल स्वरूप में एक विकसित नगर रचना रही होगी। बाद की किसी सदी में यहाँ कोई जबर्दस्त हमला हुआ है। इस हमले के दौरान व्यापक स्तर पर तोड़-फोड़ की गई होगी और एक भी मंदिर, घाट, महल को साबुत नहीं छोड़ा गया। यह एकदम स्पष्ट है कि बिलहरी किसी प्राकृतिक कारण से वीरान हुई बस्ती नहीं है। पूरे गाँव में जितनी भी प्राचीन मूर्तियाँ नजर आती हैंए वे सब खंडित की गई हैं। एक भी साबुत नहीं है। सब तोड़ी गई हैं। उनके चेहरे और हाथ.पैरों के तोड़े जाने के निशान अब तक साफ हैं। पुराने राजवंशों पर दिल्ली में काबिज हुए सुलतानों-बादशाहों की फौजों के ऐसे हमलों में लूट एक बड़ा मकसद होता था। निश्चित ही हमलावरों को यहाँ एक समृद्ध शहर मिला होगा, जहाँ यह तोड़फोड़ लंबी चली होगी। एक या एक से अधिक हमलों को झेलने के बाद जल्दी ही यह शहर वीरान खंडहरों में गुम हो गया होगा। लेकिन बाद की सदियों में स्थानीय लोगों ने मलबे में बदल चुके इस शहर को फिर से बसाने की कोशिश की होगी। इसी कोशिश में एक बार फिर मंदिरों को बनाया गया होगा। इन मंदिरों, तालाबों और बावड़ियों में पुराने टूटे-फूटे खंडित टुकड़ों को ही निर्माण सामग्री के रूप में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया गया। दूसरे चरण के ये निर्माण कार्य भी चार सौ साल पुराने हो चुके हैं।

### आखिर था क्या

पुरातत्वशास्त्री डॉ. नारायण व्यास के अध्ययन के मुताबिक यह नौंवी-दसवीं सदी के कलचुरि राजवंश के महान निर्माण कार्य हैं। कलचुरि राजाओं की राजधानी थी त्रिपुरी में। जबलपुर के पास तेवर नाम का गाँव प्राचीन त्रिपुरी ही है। लगभग एक हजार साल पहले इनके राजाओं ने कटनी के पास आज की बिलहरी और कारीतलई और करणबेल जैसी जगहों पर हज़ारों मंदिर बनवाए थे। बिलहरी जैसे ही असंख्य अवशेष कारीतलई और करणबेल में बिखरे हुए हैं। कारीतलई में विष्णु के दस अवतारों पर भव्य मंदिर थे। यह इलाका उस समय डहालमंडल कहलाता था। बिलहरी में एक लद्दाकी का टीला है, जहाँ कभी विशाल बौद्ध स्तूप रहा होगा। इन अवशेषों को देखकर यह तो एकदम स्पष्ट है कि इन्हें 12वीं.13वीं सदी में दिल्ली के सुलतानों की फौजों के लगातार हमलों में मटियामेट किया गया। यह प्राकृतिक कारणों से नष्ट नहीं हुए। इन्हें बड़े पैमाने पर तोड़ा गया है। हालाँकि इन हमलों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। बिलहरी, कारीतलाई, करणबेल और दमोह के पास नोहटा में भी कलचुरि राजाओं ने मंदिरए महल और तालाब बनवाए। अब यह सब गुजरे हुए कल की कहानी है। सदियों की धूल याददाश्त पर जमा है। खोजने के लिए अंतहीन संभावनाएँ हैं। ज़रूरत अलेक्झेंडर कनिंघम जैसे किसी जिद्दी जिज्ञासु की है जो समय की धूल को साफकरके सच को सामने लाए।

## खितौली में राष्ट्रीय मैराथन का आयोजन

# देशभर से आए हजारों प्रतिभागियों ने एक साथ किया जयहिंद का उद्घोष

जबलपुर के धावक पंकज ढाका, धनावत प्रहलाद, भोपाल की रंजना पटेल, खितौली की मंगनी बाई, प्रिंस कुमार ने लहराया जीत का परचम









### पर्वतारोही भावना डेहरिया ने धावकों का बढ़ाया उत्साह

**बरही।** जिले के बरही तहसील क्षेत्र के ग्राम खितौली में 1 दिसंबर की सुबह राष्ट्रीय मैराथन का आयोजन किया गयाए जहां सहभागिता निभाने देश के कोने.कोने से आए करीब 3 हजार धावक शामिल हुए। प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करने के लिए देश की बेटी पर्वतारोही कल्पना डेहरिया पहुँची हुई थी। कलाम फाउंडेशन के तत्वाधान में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय मैराथन में धावकों में गजब का उत्साह रहा। मध्य प्रदेश की पहली महिला जिन्होंने एवरेस्ट पर फतह हासिल करते हुए गिनीज बुक ऑफवल्ड्स रिकार्ड पर्वतारोही भावना डेहरिया, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफइंडिया के ऑफिशियल एनाउंसर डॉ आदर्श तिवारी, नेशनल पार्क बांधवगढ़ के फील्ड डायरेक्टर पीएस अग्नीगेरी आयोजन के मुख्यातिथि के रूप मौजूद रहकर धावकों का उत्साह बढ़ाया। कटनी जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर अंतिम छोर में बसे खितौली गांव में फिट खितौली, रन फार वन थीम पर आधारित राष्ट्रीय मैराथन का यह दूसरा प्रयास था। यह खितौली गांव बांधवगढ़ नेशनल पार्क रेंज के अंतर्गत आता है।

प्रतियोगिता में महिलाएं पुरुष, बच्चों के लिए 5 किलोमीटर की इस राष्ट्रीय मैराथन के 6 वर्गों में विभाजित थे, जिसमे 4 मुख्य वर्ग के 30 प्लस के पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान जबलपुर के पंकज ढाका, महिला वर्ग में खितौली की मंगनी बाई ने खिताब जीता, तो वही दूसरे स्थान पर खितौली के शीतल प्रसाद, मिडकी की ममता कोल, जबकि तृतीय स्थान पर खितौली के ही संतराम और राबिया बी ने जीत दर्ज की। 13 से 30 आयु वर्ग में जबलपुर के ही धनावत प्रहलाद, महिला वर्ग से रंजना पटेल भोपाल ने परचम लहराया। इसी वर्ग में दूसरे स्थान पर राहतगढ़ सागर के विष्णु नंदन, भोपाल की सोनम पारासर तृतीय स्थान पर भोपाल के अर्जुन, लखनऊ की निशा ने बाजी मारी। 6 से 12 आयु वर्ग में खितौली के प्रिंस कुमार, खजुरा की कल्पना ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। तो वही इसी वर्ग से दूसरे स्थान पर खितौली के निशांत वर्मा, करेला की नेहा, तृतीय स्थान पर बरही के शुभांस कचेर, खितौली की दामिनी साकेश ने परचम लहराया। सभी विजेताओं को नगद पुरुस्कार सहित अन्य पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया।



## आईटी ट्रेड का निरीक्षण करने बरहटा हाईस्कूल पहुंचे अधिकारी

**विजयराघवगढ़।** जनपद क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बरहटा का निरक्षक करने भोपाल से विजन इंडिया सर्विस कम्पनी के कार्डीनेटर अनुराग नागर पहुचे। जिनका प्राचार्य रामबहोरी बहेलिया सहित समस्त स्टाप ने स्वागत किया श्री नागर ने विद्यालय की गति बिधियो सहित आई टी ट्रेड का निरीक्षण कर प्रचार्य श्री बहेलिया से बरहटा हाई स्कूल की समस्त गतिविधियों कीजानकारी ली ।आईटी लैब के निरक्षण में पाया की लैब पूर्ण तरह चालू थी बच्चे कंप्यूटर पे प्रैक्टिकल कर रहे थे इसके बाद पाठ्य क्रम से सम्बंधित नवमी दशमी के छात्र छात्राओ से प्रश्न में बच्चों ने सटीक उत्तर दिया जिससे श्री नागर पूर्ण सन्तुष्ट हुए । वही बियालय में पदस्य आईटी प्रभारी मोनिका मिश्रा के बिद्यालयीन समस्त कार्यो की जानकारी से पूर्ण तरह संतुष्ट हो कर अधिकारी द्वारा स्टाप की सराहना की गई इस अवसर पर विद्यालय का स्टाप एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही ।

# बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में मिलेगा समझौते का अवसर

## लोक अदालत का आयोजन 11 दिसंबर को

**कटनी।** मप्रपूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्रांतर्गत शनिवार 11 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बिजली अनियमितताओं से संबंधित प्रकरणों में समझौता करने का अवसर प्रदान किया जावेगा। लोक अदालत में, विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत विशेष न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों में लिटिगेशन प्रक्रिया के माध्यम से तथा कार्यालयों में लंबित प्रकरणों में प्रीलिटिगेशन प्रक्रिया के तहत समझौता किया जा सकता है । इसके अलावा धारा 126 के तहत दर्ज प्रकरणों का निराकरण भी प्रीलिटिगेशन प्रक्रिया के तहत लोक अदालत में कराया जाएगा। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रवर्तन अरविंद चौबे ने बताया कि लोक अदालत में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू उपभोक्ता, समस्त कृषि उपभोक्ता 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू उपभोक्ता तथा 10 एचपी भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट की पात्रता होगी। न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों का लोक अदालत में निराकरण लिटिगेशन प्रक्रिया के तहत कराया जावेगा तथा ऐसे प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशिमें 20 प्रतिशत एवं ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी । ऐसे प्रकरण जो कि न्यायालयों में दर्ज नही हुए हैं, उन्हें प्रीलिटेगेशन प्रक्रिया के तहत लोक अदालत में निराकृत कराया जावेगा तथा ऐसे प्रकरणों में सिविल दायित्व राशि में 30 प्रतिशत एवं ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी ।

## कटनी नदी के फिल्टर प्लांट और बहोरीबंद जलाशय पहुंचकर दल ने किया प्रारंभिक अध्ययन

# इजराइल के विशेषज्ञ पहुंचे कटनी





**कटनी।** जिले में जल समस्या के निदान को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो-कटनी सांसद वी.डी. शर्मा लगातार सक्रिय हैं और समस्या का हल निकालने के उनके द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद की पहल पर जल समस्या के निदान को लेकर इसराइली विशेषज्ञों का दल कटनी पहुंचा। सांसद श्री शर्मा ने पिछले माह इसराइली जल एवं कृषि विशेषज्ञों से मुलाकात कर कटनी के लिए सुझाव आमंत्रित किए थे। जिसको लेकर गुरूवार को दल पहुंचा। इसराइली विशेषज्ञों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित नगर निगम, जल निगम व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जल समस्या के निदान को लेकर चर्चा की। बैठक में इसरायली विशेषज्ञ डॉ. लयोर असफने बैठक के दौरान इसराइल में जल समस्या के निदान को लेकर प्रयोग की गई तकनीकों की जानकारी दी और कटनी के लिए उपलब्ध सुझावों को सभी के सामने रखा। बैठक के बाद इसराइली विशेषज्ञ द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र के कटनी नदी स्थित फिल्टर प्लांट और बहोरीबंद जलाशय का भ्रमण कर प्रारंभिक अध्ययन किया गया। भ्रमण दौरान उनके साथ नगर निगम, जल निगम व जल संसाधन विभाग के अधिकारी शामिल थे। सांसद श्री शर्मा ने क्षेत्र में स्थित सभी जल स्त्रोतों के समुचित उपयोग और मृतपाय अवस्था में पड़े स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए हैं। आने वाले समय में ज़िला प्रबंधन के साथ मिलकर एक वृहद जल सर्वे का कार्य किया जाना है और इसको लेकर ही इसराइली विशेषज्ञों के माध्यम से जल समस्या के निदान को लेकर आवश्यक संभावनाओं की तलाश की जा रही है ताकि भविष्य में जिले की जल समस्या को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके।






## वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओ को दे रहे जनता के बीच जाने का मंत्र

# प्रशिक्षण के बहाने चुनावी तैयारियों का बिगुल फूंका भाजपा ने

**कटनी। भारतीय जनता पार्टी आज से तीन दिन तक अपने कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित कर रही है। भाजपा जिला कार्यालय में सुबह 10 बजे जिला कार्यसमिति की बैठक के बाद शुरू हुये प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक भाजपा नेता जहां सांगठनिक मजबूती के साथ ही चुनावी रणनीति बनाने के टिप्स बताएंगे, वहीं राजनीति से अलग हटकर संघ और पार्टी की विचारधारा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जा रहा है। तीन दिन के प्रशिक्षण वर्ग की महत्वपूर्ण बात यह रहेगी कि कार्यकर्ताओं को इंटरनेट मीडिया के सहारे अपनी विचारधारा के प्रचार-प्रसार करने के तरीकों की जानकारी देने के लिए आइटी सेल के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला पर विरोधी दल के नेताओं की नजर भी टिकी हुई है। नए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर के बहाने पार्टी की विचारधारा से जोड़ने की मुहिम के रूप में माना जा रहा है।**

भाजपा सूत्रों के अनुसार 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग पूरी तरह से आवासीय रखा गया है। तीनों दिन अलग अलग सत्रों में पार्टी के वक्ता कार्यकर्ताओ को जनता के बीच पहुंचने के अहम टिप्स देंगे। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में सांसद तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने आएंगे। बताया गया है कि आवासीय प्रशिक्षण वर्ग हेतु संचालन समिति गठित की गई है। कार्यकर्ताओं को अलग अलग दायित्व सौंपे गए हैं। आज प्रशिक्षण वर्ग के पहले जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस दौरान प्रशिक्षण में बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला महामंत्री सतीश तिवारी एवं चेतन हिन्दूजा, उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, रमेश शुक्ला आदि की मंच पर मौजूदगी रही। सर्वप्रथम जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीश वर्मा ने कोरोना से दिवंगत हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाला शोक प्रस्ताव पढ़ा। इसके उपरांत बैठक प्रारंभ हुआ। भोजनावकाश के बाद प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। राजनैतिक प्रस्ताव जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा ने प्रस्तुत किया। पहली बार जनजातीय प्रस्ताव भी पढ़ा गया। जिसका वाचन महामंत्री सतीश तिवारी ने किया। इसी तरह कार्यसमिति की बैठक में टीकाकरण प्रस्ताव भी आया। टीकाकरण में सरकार की सक्रियता की सराहना की गई। प्रशिक्षणार्थियों एवं वरिष्ठ नेताओं का तिलक वंदन कर स्वागत महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा सोगानी, रूकमणी बर्मन, शिल्पी सोनी, शीला राय, शोभा कुरील एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने किया।

### इन विषयों पर फोकस

प्रशिक्षण में भाजपा जिन विषयों पर फोकस कर रही है उनमें अपनी कार्यपद्धति और संगठन संरचना में हमारी भूमिका, हमारा विचार, आत्मनिर्भर भारत, भारत का बढ़ता सुरक्षा सामर्थ्य शामिल है। इन पर चर्चा करने के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के अच्छे कार्यों को लेकर सरकार का आभार भी व्यक्त किया जा रहा है। इसके अलावा उक्त विषयों पर फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाना था।

### हमारी लड़ाई देश तोड़ने वाली ताकतों से

प्रशिक्षण में वक्ताओं ने कहा कि 1990 से पहले तक कांग्रेस देश की राजनीति का केंद्र बिंदु थी। सभी दल उसे हटाने के लिए प्रयास करते थे। अब भाजपा राजनीति के केंद्र में है। अन्य दल उसे हटाने के लिए एकत्र हो रहे हैं। कांग्रेस के जमाने में लड़ाई राजनीतिक दलों के बीच होती थी, लेकिन अब यह लड़ाई फोर्सेज के बीच है। एक तरफ राष्ट्रीयता को समर्पित भाजपा हैए तो दूसरी तरफ कथित सेक्युलर और देश तोड़ने वाली ताकतें हैं। इस लड़ाई में सिर्फ राजनीतिक तैयारी से काम नहीं चलेगाए हमें इन ताकतों के हथियारों, इनके षडयंत्रों को समझना होगा।

### बूथ रचना के दम पर ही इतनी बड़ी पार्टी

वक्ताओं ने यह भी कहा कि हमारी सभी बैठकों और वर्गों में बूथ को मजबूत करने की बात होती है। हो सकता है, कुछ जगहों पर या कुछ कार्यकर्ताओं को यह काम कठिन लगता हो, लेकिन बूथ रचना का काम बहुत महत्वपूर्ण है। इसी के दम पर आज भाजपा इतनी बड़ी पार्टी बनी है। हमारा लक्ष्य सत्ता हासिल करना नहीं है। न ही हम सत्ता से संतुष्ट होते हैं। हमारा लक्ष्य अंतिम पायदान के व्यक्ति का कल्याण है।

### प्रशिक्षण के बहाने मिशन 2023 की तैयारी

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के बहाने भाजपा अपने कार्यकर्ताओ को चुनाव के लिए तैयार कर रही है। आगामी समय मे पंचायत नगर निगम के बाद विधानसभा और लोकसभा चुनाव होने हैं ऐसे में पार्टी अभी से अलर्ट मोड पर है। जानकारी के मुताबिक प्रशिक्षण वर्ग के एजेंडे में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं का प्रचार प्रसार है जिनसे जनता का लाभ पहुंचा हो। कार्यकर्ताओ से कहा जा रहा है कि वे जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार के अच्छे कामों का प्रचार करें।

# पंचायत चुनाव को लेकर असमंजस बरकरार

## जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण 14 को भोपाल में

**कटनी। मध्य प्रदेश पंचायती राज संचनालय द्वारा कल 2 दिसम्बर गुरुवार को देर शाम जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के आरक्षण से सम्बंधित आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के नाम जारी इस आदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया या लाटरी पद्धति से आगामी 12 दिसम्बर दिन मंगलवार को सम्पन्न कराने की बात कही गई है। आरक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान कलियासोत स्थित ऑडिटोरियम में होगी। पंचायतीराज संचनालय द्वारा इसका प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी भी कलेक्टरों एवं सीईओ जिला पंचायतों को सौंपी गई है।**





पंचायती राज संचनालय द्वारा जारी इस आदेश के बाद त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर असमंजस की स्थिति बन गई है। उल्लेखनीय है कि 2020-21 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए राज्य शासन द्वारा पंच-सरपंच से लेकर जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी। केवल जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए ही आरक्षण होना शेष था। तभी देश- दुनिया सहित प्रदेश में फैली कोरोना आपदा के कारण त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव टल गये। पंचायतों, जनपदों और जिला पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के एक डेढ़ साल बाद भी चुनाव नहीं कराये जा सके। कोरोना की लहर कम होने के बाद राज्य शासन ने पंचायत चुनाव कराने की तैयारियां एक बार फिर शुरू की। पहले ये खबर आई कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होते ही पंचायत चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। बाद में राज्य सरकार द्वारा एक नया अध्यादेश जारी करने की बात सामने आई जिसमें बताया गया कि पंचायतों का नया परिसीमन रद्द कर दिया गया है इसके साथ ही पंच-सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए किया गया आरक्षण भी रद्द हो गया है। अब पंचायत चुनाव 2014 - 15 के आरक्षण के अनुसार ही कराये जाएंगे। परिसीमन रद्द हो जाने के कारण मतदाता सूचियों में आंशिक बदलाव करना पड़ा। शासन ने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। यहां तक की 29 नवम्बर को मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन भी हो गया है। इसके लिए दावे आपत्तियां ली जा रहीं जिनका निराकरण कल 4 दिसम्बर तक किया जाकर 6 दिसम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होना है।

इस बीच जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की तिथि घोषित करके शासन ने एक बार फिर असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। सवाल उठ रहे कि क्या केवल जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव नये आरक्षण के हिसाब से होगा या फिर पंच-सरपंच, जनपद सदस्य, अध्यक्ष आदि के चुनाव भी नए आरक्षण के अनुसार कराये जाएंगे या बाकी चुनाव 2014 -15 के आरक्षण के हिसाब से होंगे। पहले दिसम्बर के अंत तक पंचायत चुनाव हर हाल में सम्पन्न कराने की बात भी सामने आ रही थी पर अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। पंचायत चुनाव हो पाएंगे या नही ,अगर हुए तो कौन सा आरक्षण मान्य होगा, चुनाव कब तक हो पाएंगे इन सारे सवालों को लेकर न केवल दावेदार बल्कि मतदाता भी भारी पशोपेश में है। एक बड़ी समस्या देश और प्रदेश में एक बार फिर कोरोना की बढ़ती आहट को लेकर है। प्रदेश के कई जिलों में फिर कोरोना पैर पसार रहा ऐसे में सरकार कोरोना से निपटेगी या चुनाव करायेगी यह भी समझ के बाहर ही है।

### खेलकूद व सामर्थ प्रदर्शन प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दिखाए जौहर


**कटनी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के निर्देशन एवं विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक ढीमरखेडा के मार्गदर्शन में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये जनपद शिक्षा केन्द्र ढीमरखेड़ा के अशासकीय महात्मागांधी उमावि खेल मैदान में विकासखण्ड के दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सामर्थ प्रदर्शन एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)